प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2024–25

संगीत गायन

कक्षा 10

समय– 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक– 70

नोटः–प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

निर्देशः–सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के निर्धारित अक प्रश्नों के सम्मुख अकित है। इस प्रश्न पत्र के दो खण्ड हैं। खण्ड अ में 20 अंक के 20 प्रश्न बहुविकल्पीय हैं, जिनके उत्तर ओ०एम०आर० शीट पर देने हैं। ओ0एम0आर0 पर उत्तर अंकित किये जाने के पश्चात उसे काटे नहीं तथा इरेजर (Eraser) व्हाइटनर आदि का प्रयोग न करें। दूसरे खण्ड 'ब' में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं।

खण्ड 'अ'

बहुविकल्पीय प्रश्न 1x20=20

(1) राग भैरवी किस थाट का राग है ?

(A) भैरवी (B) भैरव (C) कल्याण (D) खमाज

(2) राग बिहाग का गायन समय क्या है ?

(A) प्रात काल (B) मध्यान्ह (C) सायकाल (D) रात्रि का प्रथम प्रहर

(3) राग काफी का वादी स्वर क्या है ?

(A) स (B) प (C) म (D) रे

(4) राग बागेश्वरी किस जाति का राग है ?

(A) ओडव–सम्पूर्ण (B) षाडव–सम्पूर्ण (C) सम्पूर्ण–सम्पूर्ण (D) षाडव–षाडव

(5) राग देश के आरोह में कौन–कौन से स्वर वर्जित हैं ?

(A) ग ध (B) म नी (C) प सं (D) रे म

(6) राग भैरवी और काफी में कितने स्वर वर्जित हैं ?

(A) कोई नहीं (B) एक स्वर (C) दो स्वर (D) तीन स्वर

(7) राग बिहाग के वादी सम्वादी स्वर कौन–कौन से हैं?

(A) गनी (B) म स (C) प रे (D) घ रे

(8) राग देश किस थाट से उत्पन्न माना गया है ?

(A) भैरवी (B) खमाज (C) भैरव (D) मारवां

(9) राग बागेश्वरी का गायन समय क्या है ?

(A) प्रात काल (B) रात्रि का द्वितीय प्रहर (C) मध्यान्ह (D) सायंकाल

(10) राग भैरवी में कौन–कौन से स्वर कोमल लगते हैं ?

(A) म ध नी ग (B) रे ग ध नी (C) रे ग नी ध (D) रे ध ग नी

(11) राग काफी किस जाति का राग है ?

(A) सम्पूर्ण–षाडव (B) षाडव–षाडव (C) सम्पूर्ण–सम्पूर्ण (D) ओडव–सम्पूर्ण

(12) रूपक ताल में कितनी मात्राएं होती है ?

(A) 10 (B) 8 (C) 7 (D) 6

(13) भजन, गीत इत्यादि के साथ कौन सी ताल बजाई जाती है ?

(A) दादरा (B) तीन ताल (C) एक ताल (D) झपताल

(14) इनमें से कौन सी ताल 12 मात्राओं की है ?

(A) एक ताल (B) झप ताल (C) तीन ताल (D) कहरवा

(15) झपताल में कितने विभाग होते हैं ?

(A) पांच (B) चार (C) तीन (D) छः

(16) तीन ताल में कितनी मात्राएं होती हैं ?

(A) दस (B) बारह (C) सोलह (D) पन्द्रह

(17) चार ताल मुख्यतः किस वाद्य यन्त्र पर बजाई जाती है ?

(A) तबला (B) ढोलक (C) पखावज (D) नाल

(18) चार ताल में कितने विभाग होते हैं ?

(A) एक (B) तीन (C) चार (D) छः

(19) एक ताल में कितनी ताली होती है ?

(A) चार (B) पांच (C) छः (D) दो

(20) झपताल में कितनी मात्राएं होती हैं ?

(A) 10 (B) 12 (C) 7 (D) 8

खण्ड 'ब'

अति लघु उत्तरीय प्रश्न 2x8=16

(1) नाद किसे कहते है ?

(2) दस थाटों के नाम लिखिए ?

(3) आरोह अवरोह किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए।

(4) मीड किसे कहते है ?

(5) संगीत का अभ्यास कब करना चाहिए ?

(6) भारतीय संगीत में संगीत की कुल कितनी पद्धतियां प्रचलित है ?

(7) छोटे ख्याल का आविष्कार किसने किया ?

(8) ध्रुपद गायकी का आविष्कार कब और किसने किया ?

लघु उत्तरीय प्रश्न–

निर्देशः–किन्ही छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न चार अंक का है। 4x6=24

(9) तीन ताल का पूर्ण परिचय, एक गुन एवं दुगुन लिखिए।

(10) सम खाली और भरी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

(11) प्रसिद्ध ठुमरी गायकों के नाम लिखिए।

(12) तानसेन का जन्म कब और कहाँ हुआ? उनके बचपन के जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए।

(13) अपने पाठ्यक्रम के किसी एक राग का सरगम गीत लिखिए।

(14) राग भैरवी का संक्षिप्त परिचय आरोह–अवरोह पकड सहित लिखिए।

(15) ध्रुपद गायन शैली के विषय में लिखिए।

(16) लय को परिभाषित करते हुए लय के प्रकार लिखिए ?

निर्देशः–किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। 10

(17) सप्तक की परिभाषा लिखते हुए उसके प्रकारों की विस्तृत विवेचना कीजिए।

(18) नाद को परिभाषित करते हुए नाद की उत्पत्ति पर प्रकाश डालिए।

(19) मानव जीवन में संगीत के महत्व पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(20) राग की परिभाषा लिखिए तथा राग के लक्षण बताइयें ?